सदर्न येलो पाइन निर्यात ग्रेड

AMERICAN SOFTWOODS

स्थिरता - मज़बूती - विविधता

AmericanSoftwoods.com
SouthernPineGlobal.com



विषय सूची

3	सदर्न येलो पाइन
4	ग्रेड्स
5	टिम्बर को भट्टी (किल्न) में सुखाने से डाइमेंशनल स्थिरता का आश्वासन
6	ड्रेस्ड नं.1
7	ड्रेस्ड नं.2
8	ड्रेस्ड नं.3
9	ड्रेस्ड नं.4 (इकोनॉमी)
10	रफ़ सॉन सैप्स
11	रफ़ सॉन प्राइम
12	बिक्री-योग्य रफ़ सॉन
13	रफ़ सॉन नं.2
14	बोर्ड
15	रेडियस एज डेकिंगग (R.E.D.)

इस पुस्तिका को कैसे इस्तेमाल करें

इस प्रकाशन में सदर्न येलो पाइन (दक्षिणी पीले देवदार) की विशिष्ट रेंज को दर्शाने वाले चित्र शामिल हैं। ये नमूने मिल की कार्यपद्धतियों का परिचायक हैं। प्रत्येक ग्रेड की बुनियादी विशेषताओं की व्याख्या नाना प्रकार के कार्यों में इसके इस्तेमाल की संभावनाओं के साथ की गई है।

यह प्रकाशन ग्रेडिंग मैन्युअल नहीं है। इसका उद्देश्य एक मार्गदर्शक के तौर पर येलो सदर्न पाइन के उस ग्रेड की पहचान करने में ख़रीददारों, उपयोगकर्ताओं और इसके इस्तेमाल की सिफ़ारिश करने वालों (स्पेसिफ़ायर्स) की मदद करना है, जो उनकी ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा कर सकें।

प्रत्येक मिल की उत्पादन-संबंधी कार्यशैली भिन्न होती है। निर्यात के लिए रफ़, भट्टी (किल्न) में सुखाए गए सदर्न येलो पाइन का उत्पादन करने वाले ग्राहक की विशेष ज़रूरतों को पूरा करने या कार्य-विशेष में इसका इस्तेमाल करने के लिए विभिन्न विनिर्देशों (स्पेसिफ़िकेशंस) के अनुसार भी माल का उत्पादन कर सकते हैं।

सदर्न फ़ॉरेस्ट प्रोडक्ट्स एसोसिएशन (SFPA) संपूर्ण विश्व में सदर्न येलो पाइन का प्रतिनिधित्व और इसके विस्तृत मार्केटिंग कार्यक्रम का प्रबंधन करती है। SFPA निर्यात बाज़ारों में समस्त अमेरिकी सॉफ़्टवुड प्रजातियों को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी सॉफ़्टवुड्स (AMSO) के बैनर तले अन्य मार्केटिंग साझेदारों के साथ भागीदारी करती है।

SFPA टिम्बर की ग्रेडिंग या इसकी टेस्टिंग नहीं करती। इस प्रकाशन में दी गई जानकारी सदनब पाइन इंस्पेक्शन ब्यूरो (SPIB) द्वारा पवकाशित स्टैंडडवन गवेडिंग रूल्स फ़ॉर सदनब पाइन लंबर (वषब 2014) और एक्सपोटवन गवेडिंग रूल्स (वषब 1982) से ली गई है।

उन परिस्थितियों में, जिनमें टिम्बर का निर्माण (कंस्ट्रक्शन) में इस्तेमाल किया जाता है, और कारीगरी की क्वालिटी में काफी भिन्नता हो सकती है। SFPA और इसके सदस्यों को किसी भी निर्माण परियोजना पर इस्तेमाल की जाने वाली कारीगरी या निर्माण-पद्धतियों की क्वालिटी की जानकारी नहीं होती और इसीलिए ये निर्मित संरचनाओं (स्ट्रक्चर्स) में टिम्बर के कार्य-प्रदर्शन (परफ़ार्मैंस) के संबंध में कोई वारंटी नहीं देते।

अधिक जानकारी के लिए AmericanSoftwoods.com वेबसाइट पर जाएं।

Southern Forest Products Association

6660 Riverside Dr. Suite 212
Metairie, LA 70003 USA
SouthernPineGlobal.com
E-mail: info@americansoftwoods.com

सदर्न येलो पाइन

एक प्राकृतिक संपत्ति

सदर्न येलो पाइन (दक्षिणी पीला देवदार) पाइन की चार प्रमुख प्रजातियों के समूह का प्रतिनिधित्व करता है: लांग लीफ़ (बड़ी पत्तियों वाला पाइन),शॉर्ट लीफ़ (छोटी पत्तियों वाला पाइन), लौब्लोली और स्लैश। ये प्रजातियां पूर्वी टेक्सस से वर्जीनिया तक फैले विस्तृत इलाके में पाई जाती हैं। इन चारों प्रजातियों से मिलने वाला टिम्बर (इमारती लकड़ी) सदर्न येलो पाइन के तौर पर बेचा जाता है और इसकी ग्रेडिंग अमेरिकन सॉफ़्टवुड लंबर स्टैंडर्ड्स कमिटी द्वारा स्वीकृत सदर्न पाइन इंस्पेक्शन ब्यूरो (SPIB) द्वारा नियत ग्रेडिंग नियमों के अनुसार की जाती है।

सदर्न येलो पाइन को नाना प्रकार से इस्तेमाल की जाने वाली और टिकाऊ निर्माण सामग्री के तौर पर पहचान देने वाली प्राकृतिक विशेषताएं इस प्रकार हैं:

अत्यधिक मज़बूती - इसकी डिज़ाइन वैल्यू समस्त प्रकार की सॉफ़्टवुड में सबसे ज़्यादा है। इसने'विश्व की सर्वोच्च संरचनात्मक लकड़ी' के रूप में प्रतिष्ठा अर्जित की है।

टिकाऊपन - घिसाई का अत्यधिक प्रतिरोध करने वाली (वियर रेज़िस्टैंट) यह लकड़ी पगडंडियों, डेक और फ़्लोरिंग के तौर पर उन जगहों पर इस्तेमाल किए जाने के लिए आदर्श विकल्प है, जहां काफी आना-जाना रहता है।

फ़ॉस्नर पर पकड़ - लकड़ी पर कीलों और अन्य फ़ॉस्नर्स (जकड़ने के काम आने वाली चीज़ों) की पकड़ सभी प्रकार की सॉफ़्टवुड के बीच सबसे अधिक है। लकड़ी को सुखा देने (या इसकी सीज़निंग कर देने) से इसकी यह क्षमता और बढ़ जाती है।

उपचार-क्षमता - प्रिज़र्वेटिव्स के साथ प्रेशर ट्रीटमेंट करने के लिहाज़ से इस प्रजाति को काफी समय से पसंद किया जाता है। इसके अनोखे सेल्यूलर स्ट्रक्चर (कोशिकीय संरचना) की वजह से इसमें प्रिज़र्वेटिव्स को काफी गहराई तक और समान रुप से पहुंचाया जा सकता है, जिस वजह से इसकी गिनती उन चंद एक प्रजातियों में की जाती है, जिनमें ट्रीटमेंट करने से पहले चीरा लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ती।

अन्य निर्माण सामग्री की तुलना में लकड़ी में लागत और निर्माण संबंधी इतने सारे लाभ मौजूद हैं कि हम आसानी से भूल जाते हैं कि यह कितनी महत्वपूर्ण पर्यावरणीय संपदा है। लकड़ी को प्राकृतिक रूप से पुनः उपयोग में लाया जा सकता है, इसे रिसाइकिल किया जा सकता है और यह बॉयोडिग्रेडेबल है। यह समस्त प्रकार की संरचनात्मक निर्माण सामग्री में सबसे अच्छी इन्स्यूलेटर है। लकड़ी से बने घर को गर्म और ठंडा रखने के लिए कम ऊर्जा की ज़रूरत पड़ती है, इसलिए इससे भारी मात्रा में जीवाश्म ईंधन (फ़ोसिल फ़्यूल) और कोयले की बचत होती है; स्टील, एल्यूमिनियम, चिनाई के काम या प्लास्टिक उत्पादों के निर्माण में ऊर्जा की ख़पत की तुलना में पेड़ों को लकड़ी के उत्पादों में बदलने में बहुत कम ऊर्जा लगती है तथा हवा और पानी का प्रदूषण भी कम होता है। साथ ही, बढ़ता हुआ वन निश्चित रूप से वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड को हटाता है और इसे जीवनदायक ऑक्सीजन उपलब्ध कराता है। क्या आप इससे बेहतर पर्यावरणीय आदान-प्रदान के बारे में सोच सकते हैं?

पर्याप्त संसाधन

दक्षिणी वन दुनिया में सबसे बड़े और बहुत आसानी से सुलभ वनों में से हैं। सदर्न येलो पाइन (दक्षिणी इलाकों में पाए जाने वाले पीले देवदार) का स्टॉक 1950 के दशक के बाद से बढ़कर दोगुना हो चुका है; वर्ष 2040 तक यह 20 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़कर 120 अरब घन फुट (3.4 अरब घन मीटर) हो जाएगा।

स्थिर आपूर्ति श्रृंखला

बढ़ते हुए वनों का अर्थ है, आपूर्ति-श्रृंखला (सप्लाई चेन) पर लंबी अवधि तक भरोसा। आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रचुर मात्रा में संसाधनों की गारंटी और पर्यावरण की रक्षा करने के लिए दक्षिण के वन-रक्षक वनों का रखरखाव करने के लिए सतत आधार पर इनका प्रबंधन करने वाला कार्यव्यवहार अपनाते हैं।

मजबूत बुनियादी ढांचा

दक्षिण अमेरिका टिम्बर और तैयार माल का निर्यात करने में दुनिया में सबसे आगे है। ज़मीनों के मालिक, लॉगर्स (पेड़ों की कटाई करने वालों), वन-रक्षकों और मूल्य-वर्धित उद्योगों से एक गतिशील और कार्यक्षम श्रृंखला का गठन होता है, और सदर्न येलो पाइन दक्षिण-पूर्वी बंदरगाहों के नेटवर्क के ज़रिये अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में पहुंचता है।

प्रमाणित लकड़ी

सदर्न येलो पाइन के अधिकाधिक वनों को सस्टेनेबल फ़ॉरेस्ट्री इनिशिएटिव, अमेरिकन ट्री फ़ार्म सिस्टम और फ़ॉरेस्ट स्टीवर्डशिप कौंसिल जैसे तीसरे पक्षों के ऑडिटिंग कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रमाणित किया जा रहा है। विवरण के लिए अपने आपूर्तिकर्ता से संपर्क करें।

स्रोत: *फ़ॉरेस्ट्स ऑफ़ द साउथ*, सदर्न ग्रुप ऑफ़ स्टेट फ़ॉरेस्टर्स, southernforests.org

ग्रेड

सदर्न येलो पाइन का उत्पादन विभिन्न ग्रेड्स (श्रेणियों) और विभिन्न साइज़ों में किया जाता है। प्रत्येक ग्रेड में नॉट्स (गांठें), चेक्स, और स्पिलिट जैसे कतिपय दोषों को सीमित किया जाता है। मिल में प्रत्येक नग की जांच करने के बाद इसका ग्रेड निर्धारित किया जाता है। अमेरिकी निर्माण बाजार के लिए यह जांच नग के रंग-रूप (अपियरैंस) के बजाय मजबूती-संबंधी इसके गुणधर्मों के बारे में फ़ैसला अधिक होती है। निर्यात के लिए अपियरैंस के साथ-साथ मजबूती से संबंधित इसके गुणधर्म भी निर्णायक कारक होते हैं। अपियरैंस के लिए निर्यात किया जाने वाला टिम्बर आरंभिक अवस्था में रफ़ ही भेजा जाता है और इस पर ग्रेड अंकित नहीं होता।

अच्छी क्वालिटी के सदर्न येलो पाइन की ग्रेडिंग सदर्न पाइन इंस्पेक्शन ब्यूरो (SPIB) के ग्रेडिंग नियमों के अनुसार की जाती है। SPIB, टिम्बर प्रोडक्ट्स इंस्पेक्शन (TP), रिन्यूएबिल रिसोर्स एसोशिएट्स (RRA) तथा अन्य संगठन SPIB के नियमों के अनुरूप सदर्न येलो पाइन की जांच करने और इसका ग्रेड नियत करने के लिए अमेरिकन लंबर स्टैंडर्ड कमिटी (ALSC) द्वारा प्रत्यायित (एक्रेडिटेड) हैं।

इस प्रकाशन में दिए गए चित्रों में प्रत्येक ग्रेड के भीतर मौजूद उन लाषिणिकताओं को दशावन्या गया है, जिनकरी अनुमति है और जिनका SPIB के वषब 2014 के स्टैंडवन गवेडिंग नियमों और SPIB की एक्सपोर्ट ग्रेडिंग रूल्स (1982) में उल्लेख किया गया है, और जिन्हें ALSC द्वारा प्रोडक्ट स्टैंडर्ड पीएस 20 के अनुसार स्वीकृत किया गया है। प्रत्येक ग्रेड के लिए ड्रेस्ड और रफ़ इमारती लकड़ी के चित्र दिखलाए गए हैं। हालांकि सभी मोटाइयां नहीं दर्शाई गई हैं, ये सभी ग्रेड्स में उपलब्ध और देखने में एक-जैसी हैं।

प्रत्येक खरीददार के ऑर्डर के साथ ग्रेड का पूरा विवरण होना चाहिए और इसे खरीदे गए प्रत्येक ग्रेड के भीतर अनुमति-प्राप्त विशेष लाक्षणिकताओं के बारे में ख़रीददार और विक्रेता के बीच अनुबंध माना जाता है।

प्रत्येक नग (टुकड़े) पर अंकित अधिकृत ग्रेड का चिह्न ख़रीददार को आश्वस्त करता है कि उत्पाद का सही विनिर्देशों के अनुसार उत्पादन किया गया है। लकड़ी के नग के ग्रेड, इसमें नमी की मात्रा और निर्माता की पहचान करने वाले मिल के नंबर के साथ-साथ निरीक्षण करने वाली एजेंसी (SPIB, TP या RRA आदि**) की पहचान की जाती है।

अगर चाहें तो, SFPA के सदस्य ग्रेड के चिहन में एसोशिएशन का लोगो भी शामिल कर सकते हैं।।



1. निरीक्षण सेवा: सदर्न पाइन इंस्पेक्शन ब्यूरो (SPIB)
2. निरीक्षण सेवा: टिम्बर प्रोडक्ट्स इंस्पेक्शन इंक. (TP)
3. निरीक्षण सेवा: रिन्यूएबिल रिसोर्स एसोशिएट्स इंक. (RRA)
4. टिम्बर का ग्रेड
5. मिल का पहचान नंबर
6. टिम्बर की प्रजातियां
7. (वैकल्पिक) सदर्न फ़ॉरेस्ट प्रोडक्ट्स एसोशिएशन (SFPA) की सदस्य मिल का सांकेतिक लोगो
8. नमी की मात्रा (MC): अधिकतम 19% तक भट्ठी (किल्न) में सुखाया गया टिम्बर
9. ताप-उपचारित (हीट ट्रीटेड)

**टिप्पणी: ALSC ने सभी या चयनित सदर्न येलो पाइन उत्पादों का SPIB के ग्रेडिगं नियमों के अनुसार निरीक्षण और इनकी ग्रेडिंग करने के लिए अन्य एजेंसियों को भी मान्यता दी है, जो इस प्रकार हैं: कैलिफ़ोर्निया लंबर इंस्पेक्शन सर्विस (CLIS); नॉर्थ-ईस्टर्न लंबर मैन्यूफ़ैक्चरर्स एसोशिएशन (NELMA); वेस्ट कोस्ट लंबर एसोशिएशन ब्यूरो (WCLIB); और वेस्टर्न वुड प्रोडक्ट्स एसोशिएशन (WWPA)

टिम्बर को भट्ठी (किल्न) में सुखाने से डाइमेंशनल स्थिरता का आश्वासन मिलता है

अधिकतर सदर्न येलो पाइन को 19% नमी रहने तक भट्ठी (किल्न) में सुखाया जाता है। इससे इसकी डाइमेंशनल-स्थिरता, मज़बूती और इसके स्वरूप (अपियरेंस) में सुधार होता है, सेवा के दौरान सिकुड़न कम होती है और यह सूक्ष्मजीवों का स्थानांतरण रोकने के लिए टिम्बर को कीटाणु-रहित बनाने का भी एक स्वीकृत तरीका है।

ग्रेडिंग नियमों में 50 मिमी (2") या इससे कम मोटाई के टिम्बर में नमी की अधिकतम मात्रा 19% (KD19) तक सीमित है। नमी तत्व-संबंधी सीमाएं शिपमेंट के समय और ड्रेसिंग करते समय लागू होती हैं।

प्रमाणित ग्रेड चिह्न इस बात का प्रमाण है कि सदर्न येलो पाइन की समुचित ढंग से सीज़निंग की गई है और आयात करने वाले अधिकतर देशों द्वारा इसे स्टर्लाइज़ (कीटाणु-मुक्त) माना जाता है।

टिम्बर आस-पास के तापमान और नमी पर निर्भर करते हुए नमी को सोखता है या इसे खो देता है। एक विशिष्ट शिपमेंट के भीतर नमी का अधिकतम 19% तत्व रहने तक सुखाए गए सदर्न येलो पाइन में औसतन 15% नमी होगी और इसे 15% की अधिकतम नमी रहने तक सुखाने से यह औसत 12% होगा। भट्ठी (किल्न) में सुखाए गए शिपमेंट को डिलीवर कर देने के बाद इसकी डाइमेंशनल स्थिरता बनाए रखने के लिए इसे समुचित रूप से स्टोर करना आवश्यक है।

ड्रेस्ड नं.1

इस ग्रेड की सामान्य तौर पर और ऐसे कंस्ट्रक्शन में इस्तेमाल करने की सिफ़ारिश की जाती है, जिसमें बहुत अधिक मज़बूती, कठोरता और अच्छे अपियरेंस की ज़रूरत होती है। विशेष उपयोग में इंजीनियर की गई ट्रस की निचली कॉर्ड, जहां बहुत अधिक मजबूती अपेक्षित होती है, - या लंबे स्पैन वाले फ़्लोर जॉइस्ट भी शामिल हो सकते हैं।

सैम्पिल फ़ोटो

2” x 6” (38मिमी x 140मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

ड्रेस्ड नं.2

यह आमतौर पर उपलब्ध ग्रेड है, जिसका ज़्यादातर ऐसे सामान्य कार्यों में इस्तेमाल करने की सिफ़ारिश की जाती है, जिनमें मोटे तौर पर हाई डिज़ाइन वैल्यू अपेक्षित होती है।

सैम्पिल फ़ोटो

2” x 6” (38मिमी x 140मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

ड्रेस्ड नं.3

डिज़ाइन-संबंधी नाना प्रकार की ज़रूरतों की विस्तृत रेंज को पूरा करने के लिए इस ग्रेड की डिज़ाइन वैल्यू नियत की जाती है। इसका सामान्य निर्माण में इस्तेमाल करने की सिफ़ारिश की जाती है, जहां अपियरैंस नियंत्रक कारक नहीं होता। एकल सीमित लाक्षणिकता को छोड़कर अनेक टुकड़े नं.2 के रूप में क्वालिफ़ाई करेंगे। आम तौर पर ट्रस वेब या नॉन-बिल्डिंग एप्लिकेशंस के लिए इस्तेमाल होता है, जैसे पैलेट्स, कंक्रीट फ़ॉर्मिंग, और अन्य औद्योगिक उपयोग।

सैम्पिल फ़ोटो

2” x 6” (38मिमी x 140मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

ड्रेस्ड नं.4 (इकोनॉमी)

ड्रेस्ड, किल्न-ड्राइड तथा मोटाई और चौड़ाई में संपूर्ण डाइमेंशन में निर्मित। बुनियादी तौर पर नाना प्रकार के औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल किया जाता है।

सैम्पिल फ़ोटो

2” x 6” (38मिमी x 140मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

रफ़ काटे गए सैप

रफ़ काटी गई और 19% की अधिकतम नमी की मात्रा तक भट्ठी (किल्न) में सुखाई गई इस सामग्री का माप है - आकार 7/8”x 3” और चौड़ाई 3” x 3” तथा इससे अधिक । सैप को रि-सॉ तथा रि-मैन्यूफ़ैक्चरिंग संबंधी काम में इस्तेमाल करने के साथ-साथ ज्वाइनरी, मोल्डिंग, फ़र्नीचर, पैनेलिंग और क्लैडिंग संबंधी काम में भी इस्तेमाल किया जाता है।

सैम्पिल फ़ोटो

1" x 4" (25मिमी x 100मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

टिप्पणी: शिपमेंट से पहले ख़रीददार और विक्रेता को सुनिश्चित करना लेना चाहिए कि इस सामग्री के ग्रेड-संबंधी संपूर्ण विवरण में क्या कुछ शामिल है।

रफ़ सॉन प्राइम

रफ़ काटी गई और 19% की अधिकतम नमी की मात्रा तक भट्ठी में सुखाई गई इस सामग्री का माप 1½"x4" और इसकी चौड़ाई से 4"x4" या इससे अधिक होती है। प्राइम सामग्री की समान आकार में अधिक मोटाइयों में रि-मैन्यूफ़ैक्चरिंग की जा सकती है। यह संरचनात्मक इस्तेमाल के लिए उपयुक्त रह सकती है, जैसे एक्सपोज़्ड रैफ़्टर्स। यह फ़र्नीचर, फ़्लोरिंग और ज्वाइनरी के काम में इस्तेमाल करने के लिए भी बहुत अच्छी है।

नमूने का फ़ोटो

2" x 8" (50मिमी x 200मिमी)
लंबाई: 10' (3.048मी)

टिप्पणी: शिपमेंट से पहले ख़रीददार और विक्रेता को सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस सामग्री के ग्रेड-संबंधी संपूर्ण विवरण में क्या कुछ शामिल है।

रफ़ सॉन बिक्री योग्य (मर्चेंटेबल)

यह सामग्री रि-मैन्यूफ़ैक्चरिंग संबंधी कामकाज के लिए उपयुक्त है, जिसमें बड़े आकार में तैयार सामग्री की ज़रूरत पड़ती है।

सैम्पिल फ़ोटो

2” x 8” (50मिमी x 200मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

रफ़ सॉन नं. 2

रफ़ सॉन, भट्ठी (किल्न) में सुखाई गई और सभी आकारों (डाइमेंशंस), मोटाइयों और चौड़ाइयों में निर्मित।

सैम्पिल फ़ोटो

2” x 6” (50मिमी x 150मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)

बोर्ड

बोर्ड्स का वर्गीकरण उस सामग्री के तौर पर किया जाता है, जिसकी मोटाई 1" से 1½" और चौड़ाई 2" या इससे अधिक होती है। चारों तरफ़ से सर्फ़ेस्ड (S4S) यह सामग्री नाना प्रकार के साइज़ों और ग्रेड्स में उपलब्ध है तथा उपयोगिता, मितव्ययता या अपियरैंस के लिहाज़ से अधिकतर कार्यों में इस्तेमाल किए जाने के लिए उपयुक्त हैं। इन्हें शेल्फ़ बनाने, पैकेजिंग और फ़ॉर्मवर्क में इस्तेमाल किया जा सकता है। बोर्ड्स को नाना प्रकार के पैटर्न्स में रि-मैन्यूफ़ैक्चर भी किया जा सकता है।

ड्रेस्ड थिकनेस में निर्माता की ओर से भिन्नाता होगी, जो सामान्यतया 3/4" (19 मिमी) और 1" (25 मिमी) के बीच होती है। 1" के बोर्ड की वास्तविक मोटाई 3/4" होती है; 5/4" के बोर्ड की वास्तविक मोटाई 1" होती है। नॉमिनल स्टैंडर्ड चौड़ाइयां 2" (50 मिमी) से लेकर 12" (305 मिमी) के बीच होती है। लंबाई 8' (2.44 मिमी) से लेकर 16' (4.88 मिमी) के बीच होती है।

C&BTR ग्रेड

इस ग्रेड को आम तौर पर ऑप्टिमम अपियरैंस और उच्च क्वालिटी की फ़िनिश के लिए निर्दिष्ट (स्पेसिफ़ाई) किया जाता है। फ़्लोरिंग ग्रेड्स अपियरैंस की कसौटी पर आधारित होते हैं और इनमें नॉट्स, स्प्लिट्स तथा वैन को ही दोष माना जाता है।

नं. 2 ग्रेड

1"x6" (19 मिमी x150 मिमी) साइज़ के बोर्ड। सामान्य कार्यों के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं, जैसे शीथिंग, फ़ेन्सिंग, पैकेजिंग और शेल्फ़ बनाना।

रेडियस एज डेकिंग (R.E.D.)

यह सामग्री दो ग्रेड्स में उपलब्ध है: **प्रीमियम** और **स्टैंडर्ड।** प्रीमियम में अपियरैंस संबंधी बेहतर विशेषताएं होती हैं। इसकी सतह चारों किनारों पर गोल होती है। इस गोलाई का व्यास ¼” या 6.35 मिमी होता है। ड्रेस्ड मोटाई सभी चौड़ाइयों में 1" या 25 मिमी होती है। आम तौर से यह उत्पाद आउटडोर डेक की सतहों, प्लांटर्स, बेंच और स्टेप्स (पौड़ियों) के लिए जलजनित प्रिज़र्वेटिव से दबाव-उपचारित (प्रेशर-ट्रीटेड) होता है।

सैम्पिल फ़ोटो
5/4”x6”
(25मिमी x 140मिमी)
लंबाई: 10’ (3.048मी)
जलजनित प्रिज़र्वेटिव से
दबाव-उपचारित

टिप्पणी: इस उत्पाद की ग्रेडिंग SPIB के स्पेशल प्रोडक्ट रूल्स फ़ॉर रेडियस एज डेकिंग (1986) के अनुसार की जाती है। उत्पाद का नाम “R.E.D.”

प्रमाणित ग्रेड चिह्न के भीतर शामिल किया जाता है।

TP® STAND. S-DRY
000 R.E.D. SYP

SPIB® PREMIUM
R.E.D. KD15 (7)

प्रीमियम ग्रेड

स्टैंडर्ड ग्रेड

SOUTHERN FOREST PRODUCTS ASSOCIATION

AMERICAN SOFTWOODS

कॉपीराइट © 2013 सदर्न फ़ॉरेस्ट प्रोडक्ट्स एसोसिएशन

AmericanSoftwoods.com

SouthernPineGlobal.com